264	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: बिलासपुर	शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा	2	1	1	1	5	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
265	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: बिलासपुर	शासकीय मेडिकल कॉलेज जांजगीर-चाम्पा	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
266	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: बिलासपुर	शासकीय मेडिकल कॉलेज बिलासपुर	0	0	0	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900

स. क्र.	पद कोड	पद का नाम	रिक्ति वर्ष / बैक लॉग	विभाग का नाम	विभागाध्यक्ष कार्यालय का नाम	राज्य / संभाग / जिला स्तरीय पद	नियुक्तिकर्ता कार्यालय का नाम	कुल रिक्तियां					कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में महिलाओं के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों की संख्या				अ.ज.जा. के अंतर्गत PVTG के लिए आरक्षित रिक्तियाँ	वेतनमान
								अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	योग	अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	समूह 'क' (VI)	समूह 'ख' (HI)	समूह 'ग' (OI)	समूह 'घ' एवं 'ङ' (MD)		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27
267	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: बिलासपुर	शासकीय मेडिकल कॉलेज सम्बन्ध अस्पताल जांजगीर-चाम्पा	3	1	1	1	6	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
268	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: रायपुर	शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायपुर	0	0	1	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
269	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: रायपुर	शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुन्द	2	0	1	1	4	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
270	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: रायपुर	शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रायपुर	1	0	1	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
271	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: सरगुजा	शासकीय मेडिकल कॉलेज जशपुर	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
272	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: सरगुजा	शासकीय मेडिकल कॉलेज मनेन्द्रगढ़	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
273	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा	संचालनालय चिकित्सा	संभाग स्तरीय:	शासकीय मेडिकल	1	0	2	1	4	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-

स. क्र.	पद कोड	पद का नाम	रिक्ति वर्ष / बैक लॉग	विभाग का नाम	विभागाध्यक्ष कार्यालय का नाम	राज्य / संभाग / जिला स्तरीय पद	नियुक्तिकर्ता कार्यालय का नाम	कुल रिक्तियां					कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में महिलाओं के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों की संख्या				अ.ज.जा. के अंतर्गत PVTG के लिए आरक्षित रिक्तियाँ	वेतनमान
								अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	योग	अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	समूह 'क' (VI)	समूह 'ख' (HI)	समूह 'ग' (OI)	समूह 'घ' एवं 'ङ' (MD)		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27
				शिक्षा विभाग	शिक्षा	सरगुजा	कॉलेज सम्बन्ध अस्पताल जशपुर कुनकुरी																			20200) GP 1900
274	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	संभाग स्तरीय: सरगुजा	शासकीय मेडिकल कॉलेज सम्बन्ध अस्पताल मनेन्द्रगढ़	2	0	3	1	6	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
275	H36	सहायक ग्रेड-3	2026	चिकित्सा शिक्षा विभाग	संचालनालय चिकित्सा शिक्षा	जिला स्तरीय: रायपुर	शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय रायपुर	2	0	0	1	3	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
276	H37	सहायक ग्रेड-3	2026	संसदीय कार्य विभाग	-	राज्य स्तरीय	संसदीय कार्य विभाग	1	0	1	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
277	I01	पंजीयन लिपिक	2026	वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग	महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक	राज्य स्तरीय	महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक	20	6	17	7	50	6	1	5	2	2	0	1	0	1	1	1	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
278	J01	सहायक उप निरीक्षक-अ (सामान्य शाखा)	2026	गृह विभाग	पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़	राज्य स्तरीय	सामान्य शाखा, पुलिस मुख्यालय	22	4	7	7	40	6	1	2	2	2	0	0	0	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900

स. क्र.	पद कोड	पद का नाम	रिक्ति वर्ष / बैक लॉग	विभाग का नाम	विभागाध्यक्ष कार्यालय का नाम	राज्य / संभाग / जिला स्तरीय पद	नियुक्तिकर्ता कार्यालय का नाम	कुल रिक्तियां					कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में महिलाओं के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों की संख्या				अ.ज.जा. के अंतर्गत PVTG के लिए आरक्षित रिक्तियाँ	वेतनमान
								अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	योग	अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	अना. (UR)	अजा. (SC)	अ.ज.जा. (ST)	अ.पि.व. (OBC)	समूह 'क' (VI)	समूह 'ख' (HI)	समूह 'ग' (OI)	समूह 'घ' एवं 'ङ' (MD)		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27
279	K01	सहायक उप निरीक्षक-अ (जिला-इकाई संवर्ग)	2026	गृह विभाग	पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़	राज्य स्तरीय	प्रशासन शाखा जिला-ईकाई संवर्ग, पुलिस मुख्यालय	102	31	106	34	273	30	9	31	10	10	3	10	3	0	0	0	0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900
280	K01	सहायक उप निरीक्षक-अ (जिला-इकाई संवर्ग)	बैक लॉग	गृह विभाग	पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़	राज्य स्तरीय	प्रशासन शाखा जिला-ईकाई संवर्ग, पुलिस मुख्यालय	0	1	5	0	6	0	0	1	0	0	0	0	0	UR:0 SC:0 ST:0 OBC:0	UR:0 SC:0 ST:0 OBC:0	UR:0 SC:0 ST:0 OBC:0	UR:0 SC:0 ST:0 OBC:0	0	Level-4 (5200-20200) GP 1900

टीपः–

1. यह विज्ञापन संबंधित विभागों के मांग पत्र में उल्लेखित पदों की संख्या के अनुरूप प्रकाशित किया जा रहा है।
2. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमाँक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगा ।
3. अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे अन्य संबंधित जानकारी हेतु समय–समय पर मण्डल की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें ।

3. शैक्षणिक योग्यता :

सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना दिनांक 9 सितम्बर 2026 एवं 14 सितम्बर 2026 के अनुसार पदवार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार है –

स.क्र.	पदनाम	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1.	**शीघ्रलेखक (हिन्दी)**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) या छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति। (3) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) मुद्रलेखन गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति का प्रमाण पत्र।
2.	**शीघ्रलेखक (अंग्रेजी)**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्तमण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) या छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति। (3) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) मुद्रलेखन गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति का प्रमाण पत्र।
3.	**शीघ्रलेखक (द्विभाषी)**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्तमण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) या छत्तीसगढ़

		शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति। (3) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) मुद्रलेखन गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति का प्रमाण पत्र।
4.	**उप निरीक्षक – अ (शीघ्रलेखक) (सामान्य शाखा) (हिन्दी)**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्तमण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) या छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति। (3) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) मुद्रलेखन गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति का प्रमाण पत्र।
5.	**डाटा एंट्री ऑपरेटर**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 8,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति का प्रमाण पत्र ।
6.	**स्टेनो टायपिस्ट**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक / औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) या छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 60 शब्द प्रति मिनट की गति (3) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (मिल) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति का प्रमाण पत्र ।

7.	**सहायक ग्रेड 3**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति का प्रमाण पत्र ।
8.	**पंजीयन लिपिक**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति का प्रमाण पत्र ।
9.	**सहायक उप निरीक्षक – अ (सामान्य शाखा)**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति का प्रमाण पत्र ।
10.	**सहायक उप निरीक्षक – अ (जिला– इकाई संवर्ग)**	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । अथवा किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण एवं छत्तीसगढ़ राज्य की मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्था से Modern Office Management (MOM) डिप्लोमा । (2) छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति का प्रमाण पत्र ।

टीपः—

1. सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना दिनांक 9 सितम्बर 2026 की कंडिका 4 के अनुसार 'इस अधिसूचना के जारी होने के फलस्वरूप उक्त पदों की निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं प्रशासकीय विभागों के भर्ती नियम में स्वमेव संशोधित माने जाएंगे'।
2. अभ्यर्थी को उपरोक्त आवश्यक शैक्षणिक योग्यता ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है।

4. अन्य अर्हताएं –

स. क.	पदनाम	विभाग	विभागाध्यक्ष कार्यालय	अन्य अर्हताएं
1	**शीघ्रलेखक (हिन्दी)**	**गृह**	**नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एस डी आर एफ, मुख्यालय**	1– न्यूनतम ऊंचाई पुरूष – 162 से . मी . महिला – 152 से . मी . 2– किसी प्रकार की दिव्यांगता नहीं होना चाहिए 3– घुटने नहीं मिलना चाहिए ,वं पैर का तलवा समतल नहीं होना चाहिए 4– दृष्टि से संबन्धित कोई रोग नहीं होना चाहिए
2	**उप निरीक्षक – अ (शीघ्रलेखक) (सामान्य शाखा) (हिन्दी)**	**गृह**	**पुलिस मुख्यालय**	न्यूनतम ऊंचाई – ➢ 153 सेमी. या उससे अधिक (अनारक्षित, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग पुरूष अभ्यर्थियों के लिए) ➢ 153 सेमी. या उससे अधिक (अनारक्षित, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग महिला अभ्यर्थियों के लिए) ➢ अनुसुचित जनजाति वर्ग पुरूष अभ्यर्थियों के लिए 153 सेमी एवं 151 सेमी. महिला अभ्यर्थियों के लिए। 2. सभी अभ्यर्थियों को चिकित्सीय दृष्टि से योग्य होना चाहिये। अयोग्य अभ्यर्थियों के संबंध में सक्षम अधिकारी स्वयं देखकर निर्णय लेगा तथा आवश्यकता होने पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परामर्श ले सकेगा। अभ्यर्थी को आंखों से संबंधित कोई रोग नहीं होना चाहिये। बिना चश्मे के एक आंख की दृष्टि 6/9 तथा दूसरी आंख की 6/12 से कम नहीं होनी चाहिये। अभ्यर्थी मुख्य रंगों में भेद करने में सक्षम होना चाहिये।
3	**डाटा एंट्री ऑपरेटर**	**गृह**	**नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एस डी आर एफ, मुख्यालय**	1– न्यूनतम ऊंचाई पुरूष – 162 से . मी . महिला – 152 से . मी . 2– किसी प्रकार की दिव्यांगता नहीं होना चाहिए 3– घुटने नहीं मिलना चाहिए ,वं पैर का तलवा समतल नहीं होना चाहिए 4– दृष्टि से संबन्धित कोई रोग नहीं होना चाहिए
4	**सहायक ग्रेड 3**	**गृह**	**अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एस डी आर एफ, मुख्यालय**	1– न्यूनतम ऊंचाई पुरूष – 162 से . मी . महिला – 152 से . मी . 2– किसी प्रकार की दिव्यांगता नहीं होना चाहिए 3– घुटने नहीं मिलना चाहिए ,वं पैर का तलवा समतल नहीं होना चाहिए 4– दृष्टि से संबन्धित कोई रोग नहीं होना चाहिए
5	**सहायक ग्रेड 3**	**गृह**	**नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एस डी**	1– न्यूनतम ऊंचाई पुरूष – 162 से . मी . महिला – 152 से . मी .

			आर एफ, मुख्यालय	2– किसी प्रकार की दिव्यांगता नहीं होना चाहिए 3– घुटने नहीं मिलना चाहिए ,वं पैर का तलवा समतल नहीं होना चाहिए 4– दृष्टि से संबन्धित कोई रोग नहीं होना चाहिए
6	**सहायक उप निरीक्षक – अ (सामान्य शाखा)**	**गृह**	**पुलिस मुख्यालय**	न्यूनतम ऊंचाई – ➢ 153 सेमी. या उससे अधिक (अनारक्षित, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग पुरूष अभ्यर्थियों के लिए) ➢ 153 सेमी. या उससे अधिक (अनारक्षित, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग महिला अभ्यर्थियों के लिए) ➢ अनुसुचित जनजाति वर्ग पुरूष अभ्यर्थियों के लिए 153 सेमी एवं 151 सेमी. महिला अभ्यर्थियों के लिए। 2. सभी अभ्यर्थियों को चिकित्सीय दृष्टि से योग्य होना चाहिये। अयोग्य अभ्यर्थियों के संबंध में सक्षम अधिकारी स्वयं देखकर निर्णय लेगा तथा आवश्यकता होने पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परामर्श ले सकेगा। अभ्यर्थी को आंखों से संबंधित कोई रोग नहीं होना चाहिये। बिना चश्मे के एक आंख की दृष्टि 6/9 तथा दूसरी आंख की 6/12 से कम नहीं होनी चाहिये। अभ्यर्थी मुख्य रंगों में भेद करने में सक्षम होना चाहिये।
7	**सहायक उप निरीक्षक – अ (जिला इकाई संवर्ग)**	**गृह**	**पुलिस मुख्यालय**	न्यूनतम ऊंचाई – ➢ 153 सेमी. या उससे अधिक (अनारक्षित, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग पुरूष अभ्यर्थियों के लिए) ➢ 153 सेमी. या उससे अधिक (अनारक्षित, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग महिला अभ्यर्थियों के लिए) ➢ अनुसुचित जनजाति वर्ग पुरूष अभ्यर्थियों के लिए 153 सेमी एवं 151 सेमी. महिला अभ्यर्थियों के लिए। 2. सभी अभ्यर्थियों को चिकित्सीय दृष्टि से योग्य होना चाहिये। अयोग्य अभ्यर्थियों के संबंध में सक्षम अधिकारी स्वयं देखकर निर्णय लेगा तथा आवश्यकता होने पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परामर्श ले सकेगा। अभ्यर्थी को आंखों से संबंधित कोई रोग नहीं होना चाहिये। बिना चश्मे के एक आंख की दृष्टि 6/9 तथा दूसरी आंख की 6/12 से कम नहीं होनी चाहिये। अभ्यर्थी मुख्य रंगों में भेद करने में सक्षम होना चाहिये।

5. समाज कल्याण विभाग द्वारा पदवार उपयुक्त चिन्हांकित दिव्यांगता के प्रकार

क्र.	पदनाम	उपयुक्त चिन्हांकित दिव्यांगता के प्रकार
1	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	OL, LC, LV, MDy, Dw, AAV, SI, SD, MD
2	शीघ्रलेखक (अंग्रेजी)	OL, LC, LV, MDy, Dw, AAV, SI, SD, MD
3	शीघ्रलेखक (द्विभाषी)	OL, LC, LV, MDy, Dw, AAV, SI, SD, MD
4	उप निरीक्षक – अ (शीघ्रलेखक) (सामान्य शाखा) (हिन्दी)	यह पद दिव्यांगजनों हेतु उपयुक्त चिन्हांकित नहीं है ।
5	डाटा एंट्री ऑपरेटर	OL, BL, HH, LV, Dw, MDy, AAV, SI, SD, MD
6	स्टेनो टायपिस्ट	OL, LV, Dw, AAV, SI, SD, MD
7	सहायक ग्रेड 3	OL, BL, LV, HH, Dw, MDy, AAV, SI, SD, MD
8	पंजीयन लिपिक	OL, BL, LV, HH, Dw, MDy, AAV, SI, SD, MD
9	सहायक उप निरीक्षक – अ (सामान्य शाखा)	यह पद दिव्यांगजनों हेतु उपयुक्त चिन्हांकित नहीं है ।
10	सहायक उप निरीक्षक – अ (जिला– इकाई संवर्ग)	यह पद दिव्यांगजनों हेतु उपयुक्त चिन्हांकित नहीं है ।

ABBREVIATIONS USED: LV=Low Vision, HH=Hard of Hearing, OL=One Leg, BL=Both Leg, LC=Leprosy Cured, Dw=Dwarfism, AAV=Acid Attack Victims, MDy= Muscular Dystrophy, SD=Spinal Deformity, SI=Spinal Injury, MD=Multiple Disabilities

टीप :–

1. समाज कल्याण विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 सितम्बर 2026 के अनुसार पुलिस विभाग के समस्त श्रेणी के पदों में दिव्यांगता से छूट प्रदान किया गया है। नगर सेना एवं अग्निशमन तथा एस डी आर एफ के समस्त श्रेणी के पदों में दिव्यांगता से छूट प्रदान किया गया है।
2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारी बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे ।
3. समूह 'क'(VI)- LV=Low Vision
   समूह 'ख' (HI)- HH=Hard of Hearing
   समूह 'ग' (OI) – OL=One Leg, BL=Both Leg, LC=Leprosy Cured, Dw=Dwarfism, =Acid Attack Victims, MDy= Muscular Dystrophy, SD=Spinal Deformity, SI=Spinal Injury
   समूह 'घ' और 'ड.' (MD) MD=Multiple Disabilities

6. निर्धारित आयु सीमा

6.1 आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2026 की स्थिति में की जाएगी ।

6.2 सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमाँक GENCOR-35010/3486/2026-GAD-3 दिनांक 12.10.2026 अनुसार न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष इस समूह के लिए निर्धारित की गई है।

6.3 छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के परिपत्र क्रमाँक एफ 3–2/2015/1–3, दिनांक 03.08.2024 में शासकीय सेवाओं में सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के न्यूनतम आयु एवं उच्चतर आयु सीमा में छूट के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय समय पर जारी परिपत्रों का एकजाई/अद्यतन संकलन जारी किया गया है, जिसकी जानकारी परिशिष्ट– 'अ' में उल्लेखित है। इस परिपत्र के अनुसार अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में छूट प्रदान किया जाएगा।

6.4 छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक Rule/644/2025-GAD-3 नवा रायपुर दिनांक 16.09.2026 के अनुसार शासन के अधीन शासकीय सेवा में कार्यरत शासकीय सेवक, निगम /मण्डल, संविदाकर्मी व नगर सैनिकों के कर्मचारियों द्वारा अन्य सेवाओं के लिए आवेदन किए जाने हेतु अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष के स्थान पर 45 वर्ष की गई है, इनको पूर्व में की गई सेवाओं का आयु संबंधी कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। इस परिपत्र के अनुसार अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में छूट प्रदान किया जाएगा।

उक्त निर्देश गृह (पुलिस) विभाग की सेवाओं के लिए लागू नहीं होंगे।

6.5 गृह (पुलिस) विभाग के अंतर्गत विज्ञापित पदों में न्यूनतम एवं उच्चतर आयु तथा आयु सीमा में छूट संबंधी प्रावधान, छत्तीसगढ़ राजपत्र असाधारण, गृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10 सितम्बर 2026 की अधिसूचना के अनुसार होंगे। जिसकी जानकारी परिशिष्ट– 'ब' में उल्लेखित है।

6.6 सभी छूटों को मिलाकर किसी भी अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

7. अनर्हता–

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के नियम 6 के अनुसार निम्नलिखित अनर्हता होगी –

7.1 कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हो और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/नहीं होगी।

परंतु यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण है, तो वह ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

7.2 कोई अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षण में, जो विहित की जाए, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सेवा या पद के कर्तव्य के पालन में बाधा डाल सकने वाले किसी मानसिक या शारीरिक दोष से मुक्त न पाया जाये।

परंतु आपवादिक मामलों में किसी अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षण के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अध्याधीन अस्थायी रूप से नियुक्त किया जा सकेगा कि यदि उसे स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाया गया हो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

7.3 कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि ऐसी जांच के बाद, जैसे कि आवश्यक समझी जाए, नियुक्ति प्राधिकारी का इस बात से सामाधान हो जाए कि वह सेवा या पद के लिए किसी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।

7.4 कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परंतु जहॉ तक किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

7.5 कोई भी अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

8. ऑनलाइन आवेदन

अभ्यर्थी को मण्डल की वेबसाइट **https://cgssb.cgstate.gov.in** में निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। **ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थियों को प्राथमिकता क्रम (पद तथा विभाग) देना अनिवार्य** है, **जो अपरिवर्तनीय होगा।** ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी ने जिन 'पदकोड' को प्राथमिकता क्रम में शामिल किया है उन्हीं 'पदकोड' पर उसी क्रम में उसके चयन पर विचार किया जाएगा। पदवार एवं विभागवार 'पदकोड' निम्नानुसार है–

क्र.	पदकोड	पदनाम	विभाग
1	B01	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	सामान्य प्रशासन विभाग 13
2	B02	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	गृह विभाग
3	B03	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	विधि एवं विधायी कार्य विभाग
4	B04	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
5	B05	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	आवास एवं पर्यावरण विभाग
6	B06	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	उच्च शिक्षा विभाग
7	C01	शीघ्रलेखक (अंग्रेजी)	विधि एवं विधायी कार्य विभाग
8	C02	शीघ्रलेखक (अंग्रेजी)	उच्च शिक्षा विभाग
9	D01	शीघ्रलेखक (द्विभाषी)	आवास एवं पर्यावरण विभाग
10	E01	उप निरीक्षक–अ (शीघ्रलेखक) (सामान्य शाखा) (हिन्दी)	गृह (पुलिस) विभाग
11	F01	डाटा एंट्री ऑपरेटर	सामान्य प्रशासन विभाग 01
12	F02	डाटा एंट्री ऑपरेटर	सामान्य प्रशासन विभाग 08
13	F03	डाटा एंट्री ऑपरेटर	गृह विभाग
14	F04	डाटा एंट्री ऑपरेटर	श्रम विभाग
15	F05	डाटा एंट्री ऑपरेटर	विधि एवं विधायी कार्य विभाग
16	F06	डाटा एंट्री ऑपरेटर	उच्च शिक्षा विभाग

17	F07	डाटा एंट्री ऑपरेटर	कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग
18	G01	स्टेनो टायपिस्ट	सामान्य प्रशासन विभाग 05
19	G02	स्टेनो टायपिस्ट	सामान्य प्रशासन विभाग 07
20	G03	स्टेनो टायपिस्ट	सामान्य प्रशासन विभाग 08
21	G04	स्टेनो टायपिस्ट	खेल एवं युवा कल्याण विभाग
22	G05	स्टेनो टायपिस्ट	खनिज संसाधन विभाग
23	G06	स्टेनो टायपिस्ट	विधि एवं विधायी कार्य विभाग
24	G07	स्टेनो टायपिस्ट	कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग
25	G08	स्टेनो टायपिस्ट	संसदीय कार्य विभाग
26	H01	सहायक ग्रेड–3	सामान्य प्रशासन विभाग 01
27	H02	सहायक ग्रेड–3	सामान्य प्रशासन विभाग 05
28	H03	सहायक ग्रेड–3	सामान्य प्रशासन विभाग 07
29	H04	सहायक ग्रेड–3	सामान्य प्रशासन विभाग 13
30	H05	सहायक ग्रेड–3	गृह विभाग
31	H06	सहायक ग्रेड–3	गृह विभाग (नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाए तथा एस डी आर एफ
32	H07	सहायक ग्रेड–3	जेल विभाग
33	H08	सहायक ग्रेड–3	वित्त विभाग
34	H09	सहायक ग्रेड–3	वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग
35	H10	सहायक ग्रेड–3	वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग
36	H11	सहायक ग्रेड–3	वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग
37	H12	सहायक ग्रेड–3	राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
38	H13	सहायक ग्रेड–3	परिवहन विभाग
39	H14	सहायक ग्रेड–3	खेल एवं युवा कल्याण विभाग
40	H15	सहायक ग्रेड–3	वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
41	H16	सहायक ग्रेड–3	वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
42	H17	सहायक ग्रेड–3	खनिज संसाधन विभाग
43	H18	सहायक ग्रेड–3	ऊर्जा विभाग
44	H19	सहायक ग्रेड–3	कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग
45	H20	सहायक ग्रेड–3	सहकारिता विभाग
46	H21	सहायक ग्रेड–3	श्रम विभाग
47	H22	सहायक ग्रेड–3	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
48	H23	सहायक ग्रेड–3	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
49	H24	सहायक ग्रेड–3	लोक निर्माण विभाग
50	H25	सहायक ग्रेड–3	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
51	H26	सहायक ग्रेड–3	जनसंपर्क विभाग
52	H27	सहायक ग्रेड–3	आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग
53	H28	सहायक ग्रेड–3	समाज कल्याण विभाग
54	H29	सहायक ग्रेड–3	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
55	H30	सहायक ग्रेड–3	जल संसाधन विभाग
56	H31	सहायक ग्रेड–3	आवास एवं पर्यावरण विभाग
57	H32	सहायक ग्रेड–3	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
58	H33	सहायक ग्रेड–3	उच्च शिक्षा विभाग
59	H34	सहायक ग्रेड–3	महिला एवं बाल विकास विभाग

60	H35	सहायक ग्रेड–3	कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग
61	H36	सहायक ग्रेड–3	चिकित्सा शिक्षा विभाग
62	H37	सहायक ग्रेड–3	संसदीय कार्य विभाग
63	I01	पंजीयन लिपिक	वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग
64	J01	सहायक उप निरीक्षक–अ (सामान्य शाखा)	गृह (पुलिस) विभाग
65	K01	सहायक उप निरीक्षक–अ (जिला–इकाई संवर्ग)	गृह (पुलिस) विभाग

ऑनलाइन आवेदन करने की विधि की जानकारी CGSSB की वेबसाइट के 'Instructions to fill the Application Form' लिंक पर उपलब्ध है ।

9. परीक्षा शुल्क

अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से करना है । छत्तीसगढ़ शासन, के नियमानुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्नानुसार देय होगा –

सामान्य वर्ग	रु. 350/-
अन्य पिछड़ा वर्ग	रु. 250/-
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग	रु. 200/-

छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उसका परीक्षा शुल्क CGSSB द्वारा वापस किया जावेगा । परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन का परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।

10. परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया –

10.1 मण्डल, लिखित परीक्षा बहु विकल्पीय प्रश्न (MCQ) पद्धति से आयोजित करेगा।

10.2 परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं परीक्षा योजना 'Syllabus' लिंक पर उपलब्ध है ।

10.3 प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (01) अंक दिया जाएगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटा जाएगा।

10.4 विलोपित प्रश्न पर सभी परीक्षार्थियों को उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंक बोनस अंक के रुप में प्रदान किया जाएगा ।

10.5 न्यूनतम अर्हकारी अंक अनारक्षित वर्ग हेतु 33 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग एवं दिव्यांगजनों हेतु 23 प्रतिशत होगा।

10.6 मण्डल, परीक्षा उपरांत प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रकाशित करेगा तथा अभ्यिर्थयों से दावा आपत्ति आमंत्रित करेगा। दावा आपत्तियों पर विचार कर उनका निराकरण मण्डल के परीक्षा निर्देश के अनुसार किया जाएगा, जो कि 'मण्डल परीक्षा निर्देश' लिंक पर उपलब्ध है ।

10.7 अभ्यर्थियों के द्वारा लिखित परीक्षा में समान अंक अर्जित करने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरिष्ठता तय की जाएगी । जिस अभ्यर्थी की आयु अधिक होगी उसे वरीयता दी जायेगी ।

आयु भी समान होने पर लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के क्रमशः भाग–1, भाग–2, भाग–3, भाग–4, आदि में भागवार प्राप्त अंकों के आधार पर वरीयता का निर्धारण किया जाएगा। (यथा प्रथमतः भाग 1 के प्राप्तांकों को आधार मानकर वरीयता का निर्धारण किया जाएगा, यदि भाग 1 के प्राप्तांक भी समान है तो भाग 2 के प्राप्तांकों को आधार माना जाएगा। इसी प्रकार आगे के भागों पर विचार करते हुए वरीयता का निर्धारण किया जाएगा।

अंततः यदि समस्त भागों में भी समान अंक हैं तो उस स्थिति में परीक्षार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन भरने की तिथि एवं समय की प्राथमिकता अनुसार वरीयता का निर्धारण किया जाएगा।

10.8 विज्ञापित पदों में से कंडिका 4 में उल्लेखित गृह विभाग एवं गृह (पुलिस) विभाग के कुल 7 प्रकार के पदों के लिए अन्य अर्हताएं हैं, उन पदों के लिए द्वितीय चरण की शारीरिक मापदंड परीक्षा के लिए मण्डल लिखित परीक्षा के प्राप्तांक, पदों के प्राथिमकता तथा आरक्षण नियमों के आधार पर विज्ञापित पदों की प्रवर्गवार संख्या के 15 गुना परीक्षार्थियों की पदवार एवं विभागवार "सूची-अ" संबंधित विभाग/विभागों को उपलब्ध कराएगा।

(एक) द्वितीय चरण की शारीरिक मापदंड परीक्षा अर्हकारी होगा तथा संबंधित विभाग इसे ''सूची–अ'' जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि में पूर्ण करेगा।

(दो) द्वितीय चरण के शारीरिक मापदंड परीक्षा में अनुपिस्थत अभ्यर्थी संबंधित विभाग के उस पद हेतु अपात्र माना जाएगा।

(तीन) द्वितीय चरण की परीक्षा पूर्ण होने पर, संबंधित विभाग परीक्षार्थियों की पात्र तथा अपात्र की सूची मण्डल को उपलब्ध करायेगा। पात्र परीक्षार्थियों की सूची में यह विवरण भी देगा कि परीक्षार्थी किस श्रेणी (UR,SC,OBC/ST) के लिए निर्धारित शारीरिक मापदंडों को पूर्ण किया है।

10.9 परीक्षार्थियों की लिखित परीक्षा के प्राप्तांक, परीक्षार्थियों द्वारा दी गई पदों की प्राथिमकता, द्वितीय चरण की शारीरिक मापदंड परीक्षा में पद एवं विभागवार पात्रता एवं आरक्षण नियमों के आधार पर, रिक्तियों की संख्या के बराबर अंतिम आबंटन "सूची-ब" पदवार एवं विभागवार जारी की जाएगी। साथ ही परीक्षा में शामिल सभी परीक्षार्थियों के प्राप्तांको की एकीकृत वरीयता सूची मण्डल की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

परन्तु जिला/संभाग कैडर के पदों के लिए जिलों/संभागों का आबंटन संबंधित विभाग द्वारा केन्द्रीयकृत काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। काउंसिलंग प्रक्रिया सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार होगा।

(एक) अनारक्षित वर्ग के आबंटन सूची में आरक्षित वर्ग के उन्हीं परीक्षार्थियों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने आयु, न्यूनतम अर्हक अंक, शारीरिक मापदंड/शारीरिक दक्षता में से किसी में भी छूट नहीं लिया है ।

(दो) अंतिम आबंटन सूची-ब में शामिल अभ्यर्थियों को 15 दिवस की समय-सीमा के भीतर आधार अधिप्रमाणन तथा अपने दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी।

(तीन) अंतिम आंबटन सूची 'ब' के पश्चात्, कोई भी प्रतीक्षा या आरक्षित सूची (रिजर्व सूची) जारी नहीं की जाएगी।

(चार) अंतिम आबंटन सूची 'ब' की वैधता, जारी दिनांक से 6 माह के लिए होगी।

10.10 मण्डल, संबंधित विभागों को दस्तावेजों के सत्यापन हेतु समय सारणी सहित अंतिम आबंटन सूची (सूची-ब) उपलब्ध कराएगा। परीक्षार्थियों को दस्तावेज सत्यापन का विवरण मण्डल के पोर्टल, एसएमएस एवं ई–मेल के माध्यम से दिया जाएगा।

10.11 (एक) अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन अपलोड किये गये दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन, संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित तिथियों पर किया जायेगा।

(दो) आपातिक स्थिति में विभाग द्वारा सत्यापन की तारीख में परिवर्तन किया जा सकेगा।

(तीन) अभ्यर्थी जिनके दस्तावेज भौतिक सत्यापन के दौरान त्रुटिपूर्ण पाए जाते हैं अथवा चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ पाए जाते हैं उन्हें संबंधित विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन/चिकित्सा फिटनेस परीक्षण उपरांत पोर्टल में उनके विवरणों को प्रविष्ट किया जाएगा तथा विभाग द्वारा सूचित किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी सूचना प्राप्त होने की दिनांक से 7 दिवस के भीतर दस्तावेज सत्यापन के संबंध में ऑनलाईन पोर्टल पर अपना दावा दर्ज कर सकेंगे। ऐसे प्राप्त दावा आपित्त को विभाग के द्वारा 15 दिवस के भीतर सकारण आदेश द्वारा निराकृत कर अभ्यर्थी को सूचित किया जाएगा एवं पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि अद्यतन की जायेगी। संबंधित विभाग ऐसे अभ्यर्थी को दस्तावेज सहित भौतिक सत्यापन हेतु पुनः आहूत कर सकेगा।

(चार) जहां अभ्यर्थी उसको आबंटित पद के लिए निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं करता है, तो उसे नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जाएगा, परीक्षा में उसकी अभ्यर्थिता निरस्त हो जाएगी और वह अन्य पद के लिए हस्तांतरणीय नहीं होगी।

(पाँच) जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज भौतिक सत्यापन के दौरान सही पाये जाते हैं एवं जो चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाये जाते हैं, उन्हें संबंधित विभाग द्वारा इसकी सूचना प्रदान करते हुए नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा।


11. अन्य निर्देश –

11.1 आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी द्वारा नियम/निर्देशों का अवलोकन कर सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है । यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी अनर्ह पाया जाता है अथवा उनके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाई जाती है, तो किसी भी स्तर पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी ।

11.2 विभागों के भर्ती नियम 'विभागों के भर्ती नियम' लिंक पर उपलब्ध है।

11.3 भौतिक सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेजों की पदवार विभागवार सूची 'भौतिक सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेजों की पदवार विभागवार सूची' लिंक पर उपलब्ध है।

11.4 छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2026 के प्रावधान तथा मण्डल के अनुचित साधनों संबंधी विनियम लागू होंगे।



परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
नवा रायपुर, (छ.ग.)

परिशिष्ट अ

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग

(नियम शाखा) मंत्रालय

महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

पत्र क्रमांक एफ 3-2/2015/1-3 नवा रायपुर

दिनांक 03 अगस्त, 2024

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(नियम शाखा)
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक एफ 3–2/2015/1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03 अगस्त, 2024

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजस्व मण्डल, बिलासपुर
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर्स,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत)
छत्तीसगढ़।

विषयः– **शासकीय सेवाओं में सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के न्यूनतम आयु एवं उच्चतर आयु सीमा में छूट के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों का एकजाई/अद्यतन संकलन।**

––00––

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शासकीय सेवाओं में सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के न्यूनतम आयु का निर्धारण एवं उच्चतर आयु सीमा में छूट के संबंध में समय–समय पर परिपत्र जारी किये गये हैं। दिनांक 31 जुलाई, 2024 की अद्यतन स्थिति में उक्त समस्त परिपत्रों का एकजाई संकलन कार्यालय उपयोग हेतु संलग्न प्रेषित है।

2/ स्पष्ट किया जाता है कि इस विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3–2/2015/1–3, दिनांक 18.01.2024 द्वारा राज्य शासन के सभी विभागों/कार्यालयों में सीधी भर्ती के पदों पर की जाने वाली भर्ती में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई 05 वर्ष की छूट की अवधि को दिनांक 01.01.2024 से 31.12.2028 अर्थात् 05 वर्ष के लिए बढ़ाया गया है, **यह छूट केवल राज्य के शिक्षित बेरोजगारों हेतु है तथा गृह मंत्रालय अंतर्गत पुलिस विभाग के लिए लागू नहीं है।**

3/ छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत विभागों एवं उनके अधीनस्थ निगम/मंडल में संविदा में नियुक्त व्यक्तियों को राज्य शासन के अधीन अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने के लिए अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष निर्धारित है।

4/ सीधी भर्ती में किसी भी उम्मीदवार को किसी भी आधार पर या एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरान्त, शासकीय सेवा में प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

उपरोक्त निर्देशों का कृपया कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(मुकेश कुमार बंसल)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

क्रमशः 2

पृ. क्रमांक एफ 3–2/2015/1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03 अगस्त, 2024

प्रतिलिपिः–

1. राज्यपाल के सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर
2. सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
3. सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, जीरो पाईंट, रायपुर
4. रजिस्ट्रार जनरल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
5. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक आयोग, रायपुर
6. विशेष सहायक/निज सहायक, समस्त मान. मंत्रीगण/संसदीय सचिव, छत्तीसगढ़
7. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर अटल नगर
8. महानिदेशक, छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर
10. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग/राज्य मानव अधिकार आयोग, छत्तीसगढ़, रायपुर
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर
12. उप सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, उच्च न्यायालय परिसर, बिलासपुर।
13. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली
14. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर
15. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
16. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC), मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सामान्य प्रशासन की वेबसाईट में अपलोड हेतु।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

सीधी भरती हेतु न्यूनतम आयु एवं आयु सीमा में छूट के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी (वर्तमान में प्रभावशील) परिपत्रों की सूची

सक्र.	परिपत्र कमांक एवं दिनांक	विषय
1.	क्र. 169/745/I(iii)/62, दिनांक 24 जनवरी, 1964	सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य शासन के **तृतीय श्रेणी** के पदों पर नियुक्ति हेतु **न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष** तथा **द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) पदों** पर नियुक्ति हेतु **न्यूनतम आयु सीमा 20 वर्ष निर्धारित है।**
2.	क्र. 783/463/1(3)/72 दिनांक 4 दिसम्बर, 1972	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि सिविल सेवाओं में पुनर्नियुक्ति के लिए मिलिटरी, पेंसनर्स एवं स्मिर्किस्ट के संबंध में उच्चतर आयु सीमा का कोई बंधन न रखा जाए।
3	क्र. 314/सी.आर.102/1(3) दिनांक 19 अप्रैल, 1973	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि स्थायी तथा अस्थायी दोनों प्रकार के शासकीय सेवकों को राज्य शासन के अधीन अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने के लिए अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष निर्धारित की गई है।
4	क्र. 3–15/77/3/1 दिनांक 3 दिसम्बर, 1977	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि – • शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष की जाए। • अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट मिलती रहेगी।
5	क्र. सी–3–10/85/3/1 दिनांक 29 जून, 1985	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पार्टनर को शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु आवेदन करने के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी जाए।
6	क्र. सी–3–17–83–3–एक दिनांक 2 नवम्बर, 1985	छत्तीसगढ़ भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम, 1985 के नियम 5 अनुसार ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जो संघ के सशस्त्र बलों में लगातार कम से कम 6 मास तक सेवा में रहा हो, उसकी वास्तवित आयु में से ऐसी सेवा की कालावधि को घटाने के पश्चात् निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।
7	क्र. सी–3–26/86/3/1 दिनांक 1 जनवरी, 1987	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि शासकीय सेवकों के समान ही राज्य के निगम/मंडल के कर्मचारियों को भी राजय के अधीन अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने के लिए अधिकतम आयु सीमा में 38 वर्ष तक छूट दी जाए।
8	क्र. सी–3–1/87/3/1 दिनांक 24 फरवरी, 1987	स्वयं सेवी नगर सैनिको तथा अनायुक्त अधिकारियों को उनके पूर्ण की गई नगर सेना की अवधि के पूर्ण वर्षों के बराबर शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाय, अर्थात इस प्रकार की गयी सेवा की कालावधि के लिये उच्चतर आयु सीमा 8 वर्ष तक शिथिलनीय होगी, किंतु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नही होना चाहिये ।
9	क्र. 7–26–91–एक–आ.प्र. दिनांक 11 अक्टूबर, 1994	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के समान अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए भी उच्चतम आयुसीमा पांच वर्ष अधिक रखी जाए।

10	क्र.सी/3–2/97/3/एक, दिनांक 10 फरवरी, 1997	छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 एवं संशोधन अधिसूचना कमांक एफ 3–1/2016/3/एक, दिनांक 5 जनवरी, 2017 अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय महिला अभ्यर्थियों की आयु सीमा दस वर्ष शिथिलनीय होगी।
11	क्र. एफ 1–2/2002/1/3 दिनांक 2 जून, 2004	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि शिक्षा कर्मियों को शासकीय सेवओं में विभिन्न पदों के लिए उतने वर्ष की छूट दी जाये जितने वर्ष उसने शिक्षाकर्मी के रूप में सेवा की है। इसके लिए 6 माह से अधिक सेवा को एक वर्ष की सेवा मान्य की जा सकेगी तथा यह छूट अधिकतम 45 वर्ष की आयु सीमा तक रहेगी।
12	क्र. एफ 1–2/2002/1/3 दिनांक 10 फरवरी, 2006	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि पंचायत कर्मियों को शासकीय सेवाओं में विभिन्न पदों के लिए उतने वर्ष की छूट दी जाये जितने वर्ष उसने पंचायत कर्मी के रूप में सेवा की है। इसके लिए 6 माह से अधिक सेवा को एक वर्ष की सेवा मान्य की जा सकेगी तथा यह छूट अधिकतम 45 वर्ष की आयु सीमा तक रहेगी।
13	क्र.एफ 19–2/2002/1/3 दिनांक 01.12.2006	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, गुण्डाधुर सम्मान, महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवाओं को अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दिया जाये।
14.	क्र.एफ 6–10/2014/1–9 दिनांक 18.10.2007	छत्तीसगढ़ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति नीति, 2007 के नियम 3(ङ) में दिए गए प्रावधान अनुसार उत्कृष्ठ खिलाड़ी को शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु सामान्य अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी।
15.	क्र. एफ 3–2/2002/1–3 दिनांक 16.09.2008	सीधी भर्ती में **अधिकतम आयुसीमा** के संबंध में **पूर्व में जारी समस्त निर्देशों को निरसित** करते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि – [शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष रहेगी, परन्तु छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयुसीमा 35 वर्ष रहेगी।] छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों की मांग को दृष्टीगत रखते हुए वर्ष 2008–09 एवं वर्ष 2009–10 में आयोजित होने वाली समस्त परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के लिए निर्धारित उक्त अधिकतम आयुसीमा 35 वर्ष में **2 वर्ष का अतिरिक्त छूट** दिया गया। राज्य शासन के विभन्न विभागों के भरती नियमों में अधिकतम आयुसीमा संबंधी प्रावधान उपरोक्त अनुसार संशोधन माने जायेंगे।
16.	क्र. एफ 3–2/2002/1–3 दिनांक 15 जून, 2010	उक्त निर्देश अनुसार वर्तमान में शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष एवं छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयुसीमा 35 वर्ष रहेगी।
17	क्र. एफ 3–2/2002/1–3 दिनांक 30/1/2012	राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि संविदा पर नियुक्त व्यक्तियों को शासकीय सेवा में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु उतने वर्ष की छूट दी जाये जितने वर्ष्ज्ञ उसने संविदा के रूप में सेवा की है। यह छूट अधिकतम 38 वर्ष तक की आयुसीमा तक रहेगी।

18	क्रमांक एफ 20–4/2014/आ.प्र./1–3 दिनांक 27.09.2014	(i) उक्त निर्देश अनुसार निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए अधिकतम आयु–सीमा में वही छूट रहेगी जो राज्य शासन द्वारा सेवा के समसत संवर्गों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के लागू हों। (ii) आयु सीमा में उक्त छूट लागू रहेगी भले ही वह पद आरक्षित हो अथवा नहीं बशर्ते कि पद, निःशक्तता से ग्रसत व्यक्तियों के लिए उपयुक्त माना गया हो।
19	क्र. एफ 3–2/2015/1–3 दिनांक 18/01/2024	छत्तीसगढ़ राज्य के **शिक्षित बेराजगारों** के हितों को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दिए गए छूट की अवधि में राज्य शासन द्वारा समय–समय पर वृद्धि की गई तथा परिपत्र दिनांक 18/01/2024 द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के लिए निर्धारित अधिकतम आयुसीमा 35 वर्ष पुनः 5 वर्ष की छूट प्रदान किया गया है। उक्त छूट की अवधि को दिनांक 31.12.2028 बढ़ाया गया है। अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयुसीमा में छूट यथावत रहेगी, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। उक्त निर्देश गृह (पुलिस) विभाग के लिए लागू नहीं होगी।

परिशिष्ट ब

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 514]

नवा रायपुर, गुरूवार, दिनांक 10 सितम्बर 2026 - भाद्र 19, शक 1948

गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर नवा रायपुर अटल नगर

अधिसूचना

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसढ़/ दुर्ग/ 09/2013-2015"

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 514] नवा रायपुर, गुरूवार, दिनांक 10 सितम्बर 2026 - भाद्र 19,शक 1948

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 10 सितम्बर 2026

अधिसूचना

ESTB/10098/2025-HOME SECTION.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक व्दारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्व्दारा, छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल (अनुसचिवीय) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा में भर्ती एवं पदोन्नति के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ –

(1) ये नियम छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल (अनुसचिवीय) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी (अराजपत्रित) सेवा, भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2026 कहलायेंगे।

(2) ये नियम छत्तीसगढ़ **'राजपत्र'** में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

(3) इसका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा।

(4) पुलिस विभाग द्वारा भर्ती की स्थिति में इस नियम के समस्त प्रावधान लागू होंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा भर्ती की स्थिति में, इस नियम से असंगति की सीमा तक छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल के प्रावधान लागू होंगे।

2. परिभाषाएं – इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) सेवा के संबंध में **"नियुक्ति प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है, अनुसूची–एक के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट सशक्त प्राधिकारी;

(ख) **"विभागीय पदोन्नति समिति"** से अभिप्रेत है, अनुसूची–चार के कॉलम (6) में यथा विनिर्दिष्ट समिति;

(ग) **"परीक्षा"** से अभिप्रेत है, नियम 11 के अधीन भर्ती के लिए ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा ;

(घ) **"भर्ती चरण"** से अभिप्रेत है, 1. लिखित परीक्षा, 2. शारीरिक मापतौल

(ड.) **"शासन"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन ;

(च) **"राज्यपाल"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ;

(छ) **"अन्य पिछड़ा वर्ग"** से अभिप्रेत है, राज्य शासन व्दारा, समय–समय पर यथासंशोधित अधिसूचना क्र. एफ 8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 व्दारा यथा–विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग (गैर–क्रिमीलेयर);

(ज) **"भूतपूर्व सैनिक"** से अभिप्रेत हैः– ऐसे व्यक्ति, जिन्हें छत्तीसगढ़ भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम, 1985 के अनुसार समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया गया होः

(झ) **"अनुसूची"** से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(ञ) **"अनुसूचित जाति"** से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा–विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(ट) **"अनुसूचित जनजाति"** से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद–342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा–विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति ;

(ठ) **"राज्य"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य;

(ड) **"सेवा"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल (अनुसचिवीय) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत आने वाले आरक्षक–अ, प्रधान आरक्षक–अ, सहायक उप निरीक्षक–अ, उप निरीक्षक–अ, निरीक्षक–अ, उप निरीक्षक–अ(शीघ्रलेखक), निरीक्षक–अ(शीघ्रलेखक), सहायक ग्रंथपाल, ग्रंथपाल, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, सहायक प्रोग्रामर/निरीक्षक–अ एवं समय–समय पर शासन द्वारा स्वीकृत अन्य समकक्ष पद शामिल है;

(ढ) **"चयन समिति"** से अभिप्रेत है, इन नियमों के अधीन अनुसूची–तीन के कॉलम (7) एवं अनुसूची–चार के कॉलम (5) में यथा निर्दिष्ट विभागीय चयन/पदोन्नति समिति;

(ण) **"शासन"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासनः

(त) **"विभाग"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग

3. विस्तार तथा लागू होना :– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अन्तर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. सेवा का गठन – सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति समाविष्ट होंगे, अर्थात :–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के समय, अनुसूची–एक में यथा–विनिर्दिष्ट पदों को मूल रूप से धारण कर रहे हों

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों;

5. वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि –

(1) सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पद तथा उससे संलग्न वेतनमान अनुसूची–एक में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होंगे;

परन्तु शासन, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में, समय–समय पर, या तो स्थाई या अस्थाई तौर पर, वृद्धि या कमी कर सकेगी.

